**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल  कक्षा-३ विषय-हिंदी (ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य) सेट-अ**

**१ नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उनमें प्रयुक्त भाषा के रूप लिखिए।**







**२ दिए गए वर्ण-समूहो में अनुनासिक अथवा अनुस्वार के चिन्ह लगाइए।**

जगल, मुह, पखा, पूछ, गगा, झडा, काटा, पाव, शख, ऊट

**३ दिए गए मात्रा चिन्हों का प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द लिखिए।**

आ , ए , ई , ऊ , औ, इ, उ, ऐ, ऋ, ओ

**४ ड़, ढ़ , क्ष, त्र, ज्ञ और श्र से बने १०- १० शब्द  लिखो।**

**५ निम्न गिनती को अंको  व शब्दों में लिखो -** १ से ५० तक

**६ दिए गए वर्णों को सही क्रम में लिखकर शब्द बनाइए।**

याकिडा, रमदूज़, नालौखि, मीगर, लीयारिह, लीतित, याढ़िबु, पंतडि, ताविक, किबेंता

**७ नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो और उनके चित्र बनाओ।।**

जल, घर, चांद, मछली, राजा, सूरज, मां, सर्प, पेड़, आग

**८ दिए गए शब्द पढ़िए तथा एक दूसरे के विलोम शब्द आमने-सामने लिखिए।**

पतला , साफ़ , गर्मी , कम , जीत , आज , गंदा , कोमल , खुशबू , बुद्धिमान  , पुराना , अधिक , कठोर बदबू , मोटा , सर्दी , हार , कल , साफ़  , मूर्ख

**९. निम्न वाक्यों को सही क्रम में लिखो -**

क. आम / मीठा / बहुत / है।  ख. पढ़ाई / बच्चों / करनी / चाहिए।  ग. सुंदर / बगीचा / हमारा / है।

**१०. सही उत्तर चुनकर सही का निशान लगाइए।**

क. कौन सा शब्द एक वचन का है-  क. कलम  ख. मेजें  ग. पौधे

ख. कौन सा शब्द एकवचन का नहीं है-  क. दवात  ख. मिठाई  ग. रातें

ग. कौन सा शब्द बहुवचन का नहीं है-  क. सोफे  ख. दवाइयां  ग. संगीत

घ. माला शब्द का सही बहुवचन है-  क. माले  ख. मालाएं  ग. मालाओं

**११. निम्न वाक्यों में  रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखो।**

क. आज माली नहीं आया।  ख. पेड़ पर एक बंदर बैठा है।  ग. लड़की कपड़े धो रही है।

घ. बालक हँस रहा है।  ड. अध्यापक पाठ पढ़ा रहे हैं।  च. कुत्ता भौंक रहा है।

**१२ नीचे दिए गए चित्र को देखकर उस पर 10 वाक्य लिखिए।**



१३. कंगारू का चित्र बनाकर तथा उसके विषय में पाँच वाक्य लिखिए।

**१४. दिए गए शब्दों के वाक्य बनाइये:-** जीवन ,पेड़, कलाकार, वर्षा, छिड़क, सन्यासी, हरियाली, आलस, बादशाह, मैदान

**१५. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए:-** विश्राम, नष्ट, उपस्थित, दमका ,प्राचीन, तकलीफ,सहचर्य , वर्ष, वार्तालाप, पथ

१६. **'आम का पेड़ '** पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

१७. **एंड्रोक्लीज** की तरह और किसी वीर व्यक्ति के बारे में जानकारी हासिल कर उसके विषय में पाँच पंक्तियाँ लिखिए।

१८. **चींटी** का चित्र बनाकर उस पर कविता बनाकर लिखिए।

१९. खेती करने के लिए किन चीजों की जरूरत होती है। उसकी एक सूची तैयार कीजिए।

२०. आप अपने घर में गमलों में ऐसे पाँच फूलों के पौधे लगाओ जो आपको पसंद हो। उनकी देखभाल करके जब फूल खिलें तो उनके चित्र बनाकर कक्षा में अपने साथियों को दिखाओ?

२१. **सीखो** व **चींटी** कविताएँ कंठस्थ याद कीजिए तथा चित्र बनाकर चार्ट पर लिखिए।

२२. गुठली वाले तथा बिना गुठली वाले किन्हीं पाँच फलों के नाम लिखिए

**नोट:-दिया गया ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य एक अलग पुस्तिका में करें।**

**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री स्कूल    कक्षा - ३    (ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य)    सेट - ब**

**१. <u>अपठित गद्यांश:-</u>**

पप्पू एक छोटे से गाँव में रहता था। गरमी के दिनों में उसके गाँव में पानी की कमी हो जाती थी। एक दिन, पप्पू ने खुदाई करते समय एक बड़े पत्थर को हिलाया। तभी उसके पास से पानी की एक छोटी धारा बहने लगी। पप्पू ने खुशी-खुशी पानी पीना शुरू किया। अचानक, पानी की धारा बड़ी हो गई और वह एक छोटी सी नदी बन गई।  सभी गाँववाले आकर पानी पीने लगे और उनकी मुश्किलें खत्म हो गई।

**निम्न प्रश्नों के उत्तर ऊपर लिखे हुए अपठित में से ढूंढ कर लिखो।**

१. पप्पू कहां रहता था ?

२. पप्पू के गाँव में किसकी कमी होती थी?

३. एक दिन पप्पू ने खुदाई करते समय क्या किया?

४. अचानक क्या हुआ?

**२. तुम्हें कौन सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है और क्यों तुम वह खेल कब और किसके साथ खेलते हो?**

**३. तुम्हें अपने मम्मी पापा क्यों अच्छे लगते हैं वे तुम्हारे लिए क्या-क्या करते हैं?**

**४. अगर तुम्हे एक दिन के लिए जानवर बनने का अवसर मिले तो तुम कौन सा जानवर बनना चाहोगे और क्यों?**

**५. तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त कौन है तुम उसे क्यों पसंद करते हो? उसके विषय में लिखो।**

**६. अपने किसी मनपसंद खिलौने का चित्र बनाओं और उसके ऊपर 10 वाक्य लिखो।**

**७. तुम्हें छुटटी के दिन क्या करना अच्छा लगता है कोई तीन काम के बारे में लिखो।**

**८. तुम्हारा जन्मदिन कब आता है तुम उस दिन क्या-क्या करते हो ?**

**९. अपने किसी प्रिय मौसम का चित्र बनाओ और उसके ऊपर एक पेज का निबंध लिखो।**

**१०. गर्मियों की छुट्टियों में आप क्या-क्या करना चाहते हो उन सब की एक सूची बनाओ।**

**११. तुम्हें कौन सा कार्टून देखना अच्छा लगता है अपने किसी एक मनपसंद कार्टून के विषय में लिखो और उसका चित्र बनाओ।**

**१२.** अपने मनपसंद  फल का चित्र बनाओ तथा उसके विषय में पाँच वाक्य लिखिए।

**१३. दिए गए शब्दों के वाक्य बनाइये:-** मिट्टी, गुठली, घोड़ा, चींटी, मकड़ी, कंगारू, पृथ्वी, लता, धुआँ, शरीर

**१४ दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए:-** श्रम, पर्वत, शरीर ,चमत्कार, मनोकामना, बर्ताव, स्वतंत्र, डेरा, किरण, सन्नाटा

**१५. 'लालच बुरी बला है'** पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**१६. आम** गर्मियों का फल है ।गर्मियों में और कौन-कौन से फल आते हैं? उनकी सूची तैयार कीजिए।

**१७. पेड़** का चित्र बनाकर उस पर कविता बनाकर लिखिए।

**१८.** सोचकर बताइए कि हम चिड़िया की तरह क्या क्या  नहीं कर सकते?

**१९**. आप अपने घर में गमलों में ऐसे पाँच फूलों के पौधे लगाओ जो आपको पसंद हो। उनकी देखभाल करके जब फूल खिलें तो उनके चित्र बनाकर कक्षा में अपने साथियों को दिखाओ?

**२०. सीखो** व **चींटी** कविताएँ कंठस्थ याद कीजिए तथा चित्र बनाकर चार्ट पर लिखिए।

**२१**. उगते हुए सूरज को देखकर आपके मन में किस किस तरह के भाव आते हैं?लिखिए।

२२.  **अनुक्रमांक १ से लेकर ५ तक के बच्चे लिंग का चार्ट बनाएंगे, ६ से लेकर १० तक के बच्चे वचन का चार्ट बनाएंगे, ११ से १५ तक के बच्चे विलोम का चार्ट बनाएंगे १६ से १९ तक के बच्चे पर्यायवाची का चार्ट बनाएंगे और बाकी बच्चे भाषा का चार्ट बनाएंगे।**

**नोटः-दिया गया ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य एक अलग पुस्तिका में करें।**